# कैंपस प्लेसमेंट के लिए 94 छात्रों ने दी ऑनलाइन परीक्षा

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की पहल एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से एमए व एमएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसके तहत प्री-प्लेसमेंट टॉक व ऑनलाइन लिखित परीक्षा हुई।

प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर सुमित गैरोला ने बताया कि प्री-प्लेसमेंट टॉक का आयोजन पत्रकारिता एवं जनसंचार केंद्र के सभागार में हुआ।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अशोक कांडपाल ने प्लेसमेंट टॉक के बारे में छात्रों को जानकारी दी। इसके बाद कैंपस प्लेसमेंट के लिए पंजीकृत 206 विद्यार्थियों में से 94 विद्यार्थियों ने एमसीए विभाग की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन लिखित परीक्षा दी। सफल रहने वाले छात्रों का परिणाम एक सप्ताह के अंदर जारी कर दिया जाएगा। संवाद